# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## भाग-१—कार्यवाही प्रश्नोत्तर

सोमवार, तिथि ११ फरवरी १९८० ई०

विषय-सूची


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| प्रश्नों के लिखित उत्तर : | | |
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर : | | |
| अल्प सूचित प्रश्नोत्तर संख्या—७ | .... | १—९ |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या—२६४, ४८१, ४८२, ४८३, ४८७, ४८८, ४८९, ४९०, ४९१, ४९२, ४९४, ४९५, ४९६, ४९७ एवं ५०८ । | .... | १०—२७ |
| परिशिष्ट—(प्रश्नों के लिखित उत्तर) : | .... | २८—२२५ |
| दैनिक निबन्ध : | .... | २२७—२२८ |


टिप्पणी :—जिन मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है उनके नाम के पीछे (*) चिन्ह लगा दिया गया है ।

श्री नागेश्वर लाल का स्थानान्तरण ।

द-१७० श्री नईम अख्तर—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सुपौल सदर अस्पताल के ओ० टी० असिस्टेंट श्री नागेश्वर लाल गत् ७ वर्षों से यहाँ पदस्थापित हैं;

(२) क्या यह बात सही है कि प्रशासनिक दृष्टिकोण से ३ वर्षों के बाद एक स्थान से अन्यत्र स्थानान्तरण करने का विभागीय प्रावधान होते हुए भी इनका स्थानान्तरण अभी तक नहीं किया गया है;

(३) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक श्री लाल का स्थानान्तरण सुपौल से अन्यत्र करने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग**—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(२) सरकारी सेवकों का स्थानान्तरण सामान्यतः तीन वर्ष की अवधि पूरी होने के बाद विचारणीय होता है, परन्तु इस अवधि के पूरे होने के बाद स्थानान्तरण कर ही दिया जाए ऐसा प्रावधान नहीं है । स्थानान्तरण पर विचार करने के समय प्रशासकीय हित को भी ध्यान में रखा जाता है । श्री नागेश्वर लाल दास के विरुद्ध कोई आरोप नहीं है ।

(३) संप्रति स्थानान्तरण पर रोक रखी गयी है ।

---

रिक्त पदों को भरना ।

द-१५२. श्री ननीगोपाल मित्रा—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) राँची जिला में कितने चिकित्सक का पद रिक्त है;

(२) उक्त जिला के कितने प्रखंडों में छः माह से अधिक दिनों से चिकित्सकों का स्थान रिक्त है;